महर्षि पाणिनि संस्कृतएवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन

छात्रों के लिए सामान्य दिशानिर्देश

- प्रतिदिन कक्षाओं में उपस्थिति सुनिश्चित करें। परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु 75% उपस्थिति अनिवार्य है।
- विश्वविद्यालय में NCC एवं NSS की शाखाएँ सञ्चालित होती हैं। पञ्जीयन हेतु सम्बन्धित शाखा में सम्पर्क करें।
- विश्वविद्यालय में युव-महोत्सव तथा अन्य अवसरों पर विभिन्न क्रीडा तथा सांस्कृतिक गतिविधियाँ सञ्चालित की जाती हैं, उनमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, जिससे आपका सर्वाङ्गीण विकास सम्भव हो।
- विश्वविद्यालय के अकादमिक कैलेण्डर में घोषित विभिन्न आयोजनों में सहभागिता सुनिश्चित करें।
- रैगिंग एक दण्डनीय अपराध है। इस प्रकार की कोई गतिविधि के विषय में पता चले तो शीघ्र अपने अध्यापक को बतावें।
- परिसर में स्वच्छता बनाये रखें।
- विश्वविद्यालय हरित परिसर नीति का पालन करता है। पौधों के संरक्षण में आप भी अपनी सक्रिय भूमिका बनाएँ।
- परिसर में सिंगलयूज्ड प्लास्टिक प्रतिबन्धित है। इसका ध्यान रखें।परिसर में मादक पदार्थ आदि लाना भी प्रतिबन्धित है।
- परिसर अथवा परिसर के बाहर भी स्वास्थ्य को हानि पहुँचाने वाले तथा मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहें और समाज को जागरुक भी करते रहें।